जागरण

छापामारी में 30 लाख की नकली कोराजन बरामद

Publish Date:Wed, 23 May 2018 11:10 PM (IST)

बहराइच : बुधवार को थाना दरगाह शरीफ क्षेत्र में दवा कंपनी के प्रतिनिधि की सूचना पर जिला कृषि रक्षा विभाग की टीम ने छापामारी की। इस दौरान नकली कीटनाशक कोराजन बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी आरडी वर्मा ने बताया कि मिलावटी कीटनाशक रसायन तैयार किए जाने की सूचना मिलने पर दरगाह थाने के पास शेबू पुत्र मुहर्रम अली की पान व जनरल स्टोर की दुकान पर छापामारी की गई। यहां किसानों द्वारा गन्ने की फसल में कीट व रोगों की रोकथाम के लिए प्रयोग किए जाने वाली कीटनाशक कोराजन में मिलावट व पैकेजिंग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मौके से मिलावटी सामान डिस्टेंपर, नकली पाउडर बरामद किया गया। दवा का सैंपल जांच के लिए भरा गया है। दवा निर्माता कंपनी ड्यूपोंट के प्रतिनिधि दयाशंकर द्वारा दरगाह शरीफ थाने में आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की तहरीर दी गई है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि कोराजन काफी महंगा कृषि रक्षा रसायन है, जो गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों द्वारा प्रयोग किया जाता है। बरामद नकली कीटनाशक का अनुमानित कीमत 25 से 30 लाख रूपये के बीच है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/bahraich-police-raid-korajan-recovered-17991197.html